दिनांक 08.05.2021
प्रेस विज्ञप्ति 08/21

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद अलीगढ़/थाना गॉधीपार्क

- **शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर व कारतूस**
- **लूट के 09 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 07.05.2021 को थाना गॉधीपार्क व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बोनेर तिराहा से अभियुक्त फिरोज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जीवित कारतूस लूट के 09 हजार 500 रूपये नगद व 01 चार पहिया वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध अलीगढ़, मथुरा, एटा, कासगंज के विभिन्न थानो पर हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगेस्टर एक्ट आदि 22 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गॉधीपार्क पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–फिरोज निवासी नदरई थाना कोतवाली जनपद कासगंज।

बरामदगी

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित कारतूस।

2– लूट के 09 हजार 500 रूपये नगद।

3– 01 चार पहिया वाहन।

जनपद अलीगढ़/थाना इगलास

- **शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 08.05.2021 को थाना इगलास पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना इगलास क्षेत्र से अभियुक्त चिन्टू उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना इगलास पर पंजीकृत मु0अ0सं0–244/2021 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट में वॉछित चल रहा था।

इस सम्बन्ध में थाना इगलास पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–चिन्टू उर्फ सूरज निवासी माकरौल थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

जनपद बाराबंकी/थाना सफदरगंज

- **अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 50 ग्राम अवैध मारफीन बरामद**

दिनांक 07.05.2021 को थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम दादरा से अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 50 ग्राम अवैध मारफीन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राहुल निवासी रैसण्डा थाना कोठी जनपद बाराबंकी।

बरामदगी

1— लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 50 ग्राम अवैध मारफीन।

जनपद प्रतापगढ़/थाना हथिगवां

- **पुलिस कार्यवाही में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 डीबीबीएल गन 12 बोर, 35 जीवित, 04 खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः07/08.5.2021 को थाना हथिगवां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परेवा नरायनपुर नहर पुलिया के पास से पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त मो0 रशीद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 डीबीबीएल गन 12 बोर, 35 जिवित, 04 खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। दिनॉकः 09.12.2020 को मेसर्स सुशील गन हाउस थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज की दुकान से अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0—1114/ 2020 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। अभियुक्त से बरामद डीबीबीएल गन व कारतूस उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हथिगवां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—मो0 रशीद निवासी निन्दूरा ऐलहवा थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज।

बरामदगी

1—02 डीबीबीएल गन 12 बोर, 35 जिवित, 04 खोखा कारतूस।

———————